उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर,
लखनऊ – 226010

संख्या :- 34 /08/कम्प्यूटर- अनुभाग(बारह)/2018-20/01-परीक्षा/2018

लखनऊ : दिनांक : 12 नवम्बर, 2020

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-01-परीक्षा/2018, सम्मिलित व्यायाम प्रशिक्षक एवं क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा, 2018 के अन्तर्गत न्यूनतम शारीरिक स्वस्थता मापदंड परीक्षा तथा शारीरिक पात्रता परीक्षा हेतु अर्ह पाये गये अनुपूरक सूची के अभ्यर्थियों से संबन्धित आयोग की सूचना संख्या-24/सूचना/08/कम्प्यूटर-अनुभाग(बारह)/2018/01-परीक्षा/2018, दिनांक-20 अगस्त, 2020 का संदर्भ ग्रहण करें।

आयोग की उक्त सूचना दिनांक-20-08-2020 के क्रम में न्यूनतम शारीरिक स्वस्थता मापदंड परीक्षा तथा शारीरिक पात्रता परीक्षा हेतु अर्ह पाये गये समस्त संबन्धित अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त अभ्यर्थियों की न्यूनतम शारीरिक स्वस्थता मापदंड परीक्षा तथा शारीरिक पात्रता परीक्षा दिनांक- 01-12-2020 से 16-12-2020 तक निम्नलिखित सारिणी में दिये गये कार्यक्रम/विवरण के अनुसार जनपद लखनऊ स्थित गुरू गोविन्द सिंह स्पोर्टस कालेज, कुर्सी रोड, गुडम्बा, लखनऊ में आयोजित की जायेगी –

क्र. सं.	पद का नाम	दिनांक	अभ्यर्थियों की संख्या प्रथम पाली (रिपोर्टिंग समय पूर्वाह्न 09.00 बजे)	अभ्यर्थियों की संख्या द्वितीय पाली (रिपोर्टिंग समय अपराह्न 01.00 बजे)	कुल
1	क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी	01-12-2020	75	75	150
2		02-12-2020	75	75	150
3		03-12-2020	75	75	150
4		04-12-2020	75	75	150
5		05-12-2020	75	75	150
6		06-12-2020	75	75	150
7		07-12-2020	75	75	150
8		08-12-2020	75	75	150
9		09-12-2020	75	75	150
10		10-12-2020	75	75	150
11		11-12-2020	50	-	50
12	व्यायाम प्रशिक्षक	12-12-2020	75	75	150
13		13-12-2020	75	75	150
14		14-12-2020	75	75	150
15		15-12-2020	75	75	150
16		16-12-2020	75	56	131
17	क्षे0 यु0 क0 एवं प्रा0 वि0 द0 अधि0	17-12-2020	अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों हेतु रिजर्व		-
18	व्यायाम प्रशिक्षक	18-12-2020	अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों हेतु रिजर्व		-
कुल					**2281**

यह भी सूचित किया जाता है कि क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी पद हेतु न्यूनतम शारीरिक स्वस्थता मापदंड तथा शारीरिक पात्रता परीक्षा उपर्युक्त सारिणी के क्र0सं0-01 से 11 तक दिये गये विवरण के अनुसार दिनांक-01-12-2020 से 11-12-2020 तक तथा व्यायाम प्रशिक्षक पद हेतु न्यूनतम शारीरिक स्वस्थता मापदंड तथा शारीरिक पात्रता परीक्षा उपर्युक्त सारिणी के क्रमांक-12 से 16 के अनुसार दिनांक-12-12-2020 से 16-12-2020 तक को आयोजित की जाएगी।

प्रश्नगत परीक्षा में न्यूनतम शारीरिक स्वस्थता मापदंड परीक्षा तथा शारीरिक पात्रता परीक्षा हेतु अर्ह पाये गये अनुपूरक सूची से संबन्धित समस्त अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा यह भी सूचित किया जाता है कि न्यूनतम शारीरिक स्वस्थता मापदंड परीक्षा तथा शारीरिक पात्रता परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र यथाशीघ्र आयोग की वेबसाइट **upsssc.gov.in** पर अपलोड कर दिये जायेंगे।

अतः संबन्धित अभ्यर्थियों को निर्देश दिया जाता है कि वे न्यूनतम शारीरिक स्वस्थता मापदंड परीक्षा तथा शारीरिक पात्रता परीक्षा हेतु उनके लिए निर्धारित तिथि, समय एवं निर्धारित परीक्षा स्थल **"गुरू गोविन्द सिंह स्पोर्टस कालेज, कुर्सी रोड, गुडम्बा, लखनऊ"** पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें। न्यूनतम शारीरिक स्वस्थता मापदंड परीक्षा तथा शारीरिक पात्रता परीक्षा से संबन्धित समस्त अभ्यर्थियों को यह भी निर्देश दिये जाते हैं कि उन्हें **निर्धारित किट एवं स्पोर्ट्स शूज में ही परीक्षा में प्रतिभाग करने की अनुमति** दी जाएगी।

12-11-2020

(आशुतोष मोहन अग्निहोत्री)
सचिव।